समाचार

# बालको जोन में लाकडाउन उल्लंघन पर हुई कार्यवाही

## (लाकडाउन का पालन कराने रखी जा रही कड़ी नजर)

कोरबा 15 अप्रैल 2021 –नगर निगम कोरबा के मैदानी अमले के द्वारा लाकडाउन का पालन कराने के लिए सभी जोन में कड़ी नजर रखी जा रही है तथा जहां कहीं भी लाकडाउन का उल्लंघन होता है , वहां पर कार्यवाही हो रही है। आज इसी कड़ी में बालको क्षेत्र में 03 स्थानों पर छोटी दुकानें खुली मिली, जिस पर निगम अमले ने अर्थदण्ड लगाया, दुकानों को बंद कराया तथा उन्हें कड़ी चेतावनी दी।

कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रसार को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती किरण कौशल द्वारा 12 अप्रैल से लाकडाउन प्रभावशील कर दिया गया है तथा लाकडाउन का कड़ाई से पालन किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा के मैदानी अमले द्वारा अपने–अपने जोन में सतर्क नजर रखी जा रही है तथा जहां कही भी लाकडाउन का उल्लंघन करते पाया जा रहा है, वहां कार्यवाही की जा रही है। आज इसी कड़ी में बालको जोन में 03 छोटी दुकानें खुली पायी गई थी, जिस पर निगम अमले ने 1200 रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा उन्हें कड़ी चेतावनी दी कि यदि उनके द्वारा दोबारा लाकडाउन का उल्लंघन किया जाता है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।